<u>लोक सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 53

04 फरवरी, 2019 को उत्तर के लिए

इस्पात का निर्यात

53. श्री वी॰ एलुमलाईः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या वर्ष 2017-18 के दौरान तैयार इस्पात का देश से कुल निर्यात में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है और यह बढ़कर 9.621 मिलियन टन हो गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या देश में 2016-17 वित्त वर्ष के दौरान 8.242 एमटी तैयार इस्पात निर्यात किया गया था और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या गैर-मिश्रित इस्पात क्षेत्र का योगदान 8.727 एमटी था जबकि बाकी योगदान मिश्रित इस्पात का था; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क) और (ख): जी हाँ। वर्ष 2017-18 में तैयार इस्पात (अलॉय+गैर-अलॉय) का कुल निर्यात 16.7% तक बढ़ा है। इसका ब्यौरा नीचे उपलब्ध करवाया जा रहा है:-

(आंकड़े एमटी में)

	2016-17	**2017-18**	**वृद्धि**
तैयार इस्पात का निर्यात	8.245	9.620	16.68%

स्रोत: जेपीसी

(ग) और (घ): कुल तैयार इस्पात निर्यात में गैर-अलॉय इस्पात का योगदान 8.727 एमटी रहा। वर्ष 2017-18 में तैयार इस्पात निर्यात का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

(आंकड़े एमटी में)

	2016-17	**2017-18**
तैयार इस्पात का निर्यात - गैर-अलॉय	7.587	8.727
तैयार इस्पात का निर्यात - अलॉय/स्टेनलेस	0.658	0.893
तैयार इस्पात का कुल निर्यात	**8.245**	**9.620**

स्रोत: जेपीसी

****